भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1688**
सोमवार, 02 मार्च, 2020/**12** फाल्गुन, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

संजय झील का पुनरुद्धार और विकास

+1688. श्री गौतम गंभीरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा पूर्वी दिल्ली में संजय झील को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और इसका पुनरुद्धार करने की किसी योजना पर कार्य किया जा रहा है या कार्य किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना-थीम आधारित पर्यटन परिपथों का एकीकृत विकास के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस मंत्रालय को पर्यटक गंतव्य के रूप में संजय झील के विकास हेतु दिल्ली सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****